# बेघर होने से बचें, ये काम करें

घर से निकालने की कार्रवाई पर CDC का निलंबन

किराया नहीं देने पर घर खाली कराए जाने से बचें

सेवाएँ और संसाधन

## घर से निकालने की कार्रवाई पर CDC का निलंबन (आखिरी तारीख 31 जुलाई 2021)

### ➢ किराया नहीं देने पर घर खाली कराए जाने की कार्रवाई को स्थगित कराएँ

कोविड-19 का फैलाव रोकने के लिए सेंटर्स फ़ॉर डिसीज़ कंट्रोल यानी CDC ने एक आदेश जारी किया था। इस आदेश के तहत और इसके विस्तारित स्वरूपों के तहत, किराया नहीं देने पर घर खाली कराए जाने की कार्रवाई को 4 सितंबर 2020 से 31 जुलाई 2021 तक अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था, जब तक कि इस आदेश को लागू किया जाना किसी संघीय यानी फ़ेडरल न्यायालय के आदेश का उल्लंघन नहीं करे। जहाँ यह लागू होता है, किराया नहीं देने पर घर खाली कराए जाने की कार्रवाई से CDC का बचाव, किराया नहीं देने पर घर खाली कराने की कार्रवाई पर रोक लगाता है, लेकिन यह सुरक्षा अपने आप नहीं मिल जाती!! यह पता करने के लिए कि क्या आप इस सुरक्षा के लिए पात्र हैं, CDC का घोषणापत्र देखें और नीचे दिया वीडियो भी देखें :

- ✓ **अंग्रेज़ी में घोषणापत्र**: https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/downloads/EvictionDeclare_d508.pdf
- ✓ **अनुवाद किया हुआ घोषणापत्र** इन भाषाओं में उपलब्ध है - अमहारिक (አማርኛ), हाइती की क्रियोल (Kreyòl Ayisyen), हिन्दी, रूसी (Русский), सोमाली (Soomaali), स्पेनिश (Español), पारंपरिक चीनी (簡體字) https://www.hud.gov/program_offices/public_indian_housing/covid_19_resources/rdf_other_languages
- ✓ **अपनी पात्रता जानने में सहायता पाने के लिए वीडियो यहाँ देखें**: https://www.youtube.com/watch?v=oODmNuXazqg

अगर आप घर खाली कराए जाने की कार्रवाई पर CDC के निलंबन के लिए पात्र हैं, तो आपको घोषणापत्र को पढ़ कर उस पर हस्ताक्षर करने होंगे और इसे अपने PHA को (अगर आप सार्वजनिक घर में रहते हैं) या अपने मकान मालिक को (अगर आप वाउचर का इस्तेमाल करते हैं) देना होगा। आप इसे डाक से, ईमेल से, फ़ैक्स से या खुद जाकर दे सकते हैं। इस घोषणापत्र की एक कॉपी आपको अपने रिकॉर्ड के लिए रखनी चाहिए।

### ➢ घर खाली कराए जाने की कार्रवाई पर CDC के निलंबन से आपका किराया माफ़ नहीं होगा

- ✓ संघीय यानि फ़ेडरल कानूनों के चलते आपके PHA आपका किराया माफ़ नहीं कर सकते।
- ✓ अगर आप घर खाली कराए जाने की कार्रवाई पर CDC के निलंबन के लिए पात्र हैं, तो याद रखें कि किराया फिर भी जमा कराना है और अगर किराया अदा नहीं किया गया तो बकाया किराया बढ़ता जाएगा।
- ✓ 30 जून 2021 के बाद भी घर खाली कराए जाने से बचने के लिए कौन से संसाधन उपलब्ध हैं यह जानने के लिए **पढ़ना जारी रखें**।

### ➢ उनके लिए जो घर खाली कराए जाने की कार्रवाई पर CDC के निलंबन के पात्र हैं – 1 अगस्त 2021 से लागू होने वाले बदलाव :

- ✓ अगर घर से निकाले जाने की कार्रवाई को निलंबित करने का कोई प्रावधान राज्य के या स्थानीय कानून के अंतर्गत प्रभावी नहीं हो, तो आपके PHA या आपके मकान मालिक आपको उस हालत में घर से बेदखल कर सकते हैं जब आपने किराया नहीं दिया हो या फिर आपके मकान मालिक या PHA ने आपको किराया जमा कराने के किसी अनुबंध का ऑफ़र किया हो और आपने उस पर हस्ताक्षर नहीं किए हों।
- ✓ **संघीय कानूनों के अनुसार किराया नहीं जमा कराने पर घर से निकाले जाने की कार्रवाई करने के लिए 30 दिनों का नोटिस देना ज़रूरी होता है,** लेकिन राज्य के या स्थानीय कानूनों के अनुसार इससे ज़्यादा समय का नोटिस देना ज़रूरी हो सकता है।

## किराया नहीं देने की दशा में घर से निकाले जाने से बचें – ये काम करें

- **अपनी आय को दोबारा प्रमाणित कराएँ।** अगर आपकी आय कम हुई है या परिस्थितियाँ बदल गई हैं, तो अपने PHA से अपनी आय को दोबारा प्रमाणित करा लें।
  - ✓ PHA आपकी वर्तमान आय की जाँच करेंगे और इस बदलाव के अनुसार आपका किराया फिर से तय करेंगे।
  - ✓ **सुझाव!** अगर आय में बदलाव की रिपोर्ट तुरंत नहीं की गई थी, तो अपने PHA से किराए में बदलाव पिछली तारीख से लागू करने के बारे में बात करें (कुछ इसकी अनुमति दे सकते हैं, कुछ नहीं भी दे सकते)।
  - ✓ अगर आपकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, तो अपने PHA से पूछें कि क्या आप न्यूनतम किराया कठिनाई छूट के लिए पात्र हैं।
- **एकमुश्त भुगतान।** आप अपना पूरा बकाया किराया 31 जुलाई 2021 तक एकमुश्त भी जमा कर सकते हैं।
  - ✓ **सुझाव!** $300/सप्ताह का प्रोत्साहन भुगतान या फिर "अतिरिक्त" कोविड बेरोजगारी भुगतान, आयकर के रिफ़ंड और बच्चों के टैक्स क्रेडिट आदि को आपकी वार्षिक आय की गणना में शामिल नहीं किया गया है और इनका इस्तेमाल करके आप अपना बकाया किराया जमा कर सकते हैं।
  - ✓ अगर आपको प्रोत्साहन भुगतान नहीं मिला है, तो कृपया इस वेबपेज पर जाएँ और अपने भुगतान की स्थिति देखें और एक आसान फ़ॉर्म भरें: https://www.irs.gov/coronavirus/get-my-payment.
- **आपातकालीन किराया सहायता प्रोग्राम (ERAP)।** अगर आप पर किराया बकाया है और घर से बेदखल किए जाने का खतरा है, तो आप नए किराया सहायता प्रोग्राम के लिए पात्र हो सकते हैं। इस प्रोग्राम के बारे में जानकारी यहाँ पर उपलब्ध है: https://home.treasury.gov/policy-issues/cares/emergency-rental-assistance-program. राज्य / क्षेत्र के अनुसार इसका कार्यान्वयन और वरीयताएँ अलग हो सकते हैं।
- **स्थानीय संसाधन।** हो सकता है कि किराया, अन्य ज़रूरत की सुविधाएँ और बुनियादी ज़रूरतों में आपकी मदद करने के संसाधनों के बारे में आपके PHA जानते हों।
  - ✓ 211 डायल करें या 211.org पर जाएँ और आपातकालीन आर्थिक सहायता के बारे में जानकारी पाएँ।
  - ✓ आपके लिए उपलब्ध संसाधनों की लिस्ट देखने के लिए **पढ़ना जारी रखें।**
- **किराया जमा कराने का अनुबंध।** अगर आप अपना बकाया किराया तुरंत जमा नहीं करा सकते हों, तो अपने PHA से या अपने मकान मालिक से (अगर आप वाउचर का इस्तेमाल करते हैं) पूछें कि क्या आप बकाया किराए के लिए किराया जमा कराने का अनुबंध कर सकते हैं।
  - ✓ किराया जमा कराने का अनुबंध PHA या मकान मालिक की इच्छा पर निर्भर होगा।
  - ✓ सार्वजनिक घरों में रहने वालों के लिए: किराया जमा कराने के अनुबंध की शर्तें PHA की एडमिशन एंड कंटीन्यूड ऑक्युपेशन पॉलिसी (ACOP) में और किराया जमा कराने के लिखित अनुबंध में दर्शाई जाएँगी।
  - ✓ वाउचर इस्तेमाल करने वालों के लिए: आपको अपने मकान मालिक से सीधे बात करके किराया जमा कराने के अनुबंध की शर्तें तय करनी होंगी।
- **किराएदारों के अधिकार और गलत तरीके से घर से निकाला जाना।** अगर आपको लगता है कि आपको गलत तरीके से घर से निकाला गया है, तो आपके स्थानीय कानूनी मदद के संगठनों से या सामाजिक सेवाएँ देने वाली एजेंसी से संपर्क करें।
  - ✓ सार्वजनिक घरों में रहने वालों के लिए: आपकी लीज़ में बताए अनुसार आपको शिकायत सुने जाने की प्रक्रिया का अधिकार है।
  - ✓ वाउचर इस्तेमाल करने वालों के लिए: आप अपने स्थानीय PHA से संपर्क कर सकते हैं।
  - ✓ **सुझाव! आपके क्षेत्र में उपलब्ध कानूनी सहायता** के बारे में जानकारी यहाँ उपलब्ध है: लीगल सर्विसेस कॉर्पोरेशन (https://www.lsc.gov/what-legal-aid/find-legal-aid), ACL Elder Care Locator (https://eldercare.acl.gov/Public/Index.aspx) और LawHelp.org (https://www.lawhelp.org/).[1]
- **भेदभाव की रिपोर्ट करने के लिए HUD से संपर्क करें।** अगर आपको लगता है कि आपके साथ भेदभाव किया गया है, तो HUD आपको इसकी शिकायत फ़ोन पर या ऑनलाइन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।
  - ✓ कॉल करें: 1-800-669-9777
  - ✓ ऑनलाइन: https://www.hud.gov/program_offices/fair_housing_equal_opp/online-complaint

[1] HUD की ओर से ये लिंक सिर्फ़ आपकी जानकारी के लिए दिए हैं। HUD ने इन वेबसाइटों की जाँच नहीं की है और वे इनका अनुमोदन नहीं करते हैं।

# आपके लिए उपलब्ध कोविड-संबंधी सेवाएँ और संसाधन

HUD ने सिर्फ़ आपकी जानकारी के लिए यहाँ पर कुछ संसाधन बताए हैं। HUD ने इन वेबसाइटों की जाँच नहीं की है और वे इनका अनुमोदन नहीं करते हैं।

- **HUD का जानकारी संसाधन केंद्र (IRC):** HUD के कार्यक्रमों की सामान्य जानकारी के लिए HUD-PIHRC@ArdentInc.com पर ईमेल करें या 1.800.955.2232 पर कॉल करें।

- **राष्ट्रीय घरेलू हिंसा हॉटलाइन :** https://www.thehotline.org या 1 (800) 799–7233 या TTY 1 (800) 787–3224 – एक ऐसी गोपनीय हॉटलाइन है जो घरेलू हिंसा के शिकार लोगों के लिए, जानकारी की तलाश करने वाले लोगों के लिए या अपने संबंधों की असामान्यता के बारे में सवाल पूछने वाले लोगों के लिए ही है। अगर आप फ़ोन पर सुरक्षित रूप से बातें नहीं कर सकते हैं, तो 1 (866) 331-9474 पर LOVEIS टेक्स्ट करें या फिर ऑनलाइन चैट करने के लिए वेबसाइट पर जाएँ।

- **211:** 211 पर कॉल करें या 211.org पर जाएँ और अपने ज़िप कोड से खोजें। यह हॉटलाइन आपको आपातकालीन सेवाओं से जोड़ती है, जैसे किराया और ज़रूरी सेवाओं के बारे में मदद और आपके समुदाय के लिए अन्य मददगार सेवाएँ। सभी कॉल गोपनीय रखे जाते हैं और गुमनाम कॉल भी किए जा सकते हैं, साथ ही कॉल करने वालों के लिए 180 भाषाओं में अनुवाद की सेवा भी उपलब्ध है।

- **बेरोजगारी बीमा :** www.usa.gov/unemployment – पता करें कि क्या आप बेरोजगारी लाभों के लिए पात्र हैं और यह भी कि आपके राज्य में आवेदन करने का तरीका क्या है। नए संघीय कानूनों के तहत स्व-रोजगार में लगे लोगों और अस्थायी रोजगार वाले लोगों के लिए बेरोजगारी लाभों का प्रावधान है, जिसमें कोविड-19 सहित किसी भी आपदा से भावनात्मक रूप से प्रभावित लोगों के लिए **$300 प्रति सप्ताह का अतिरिक्त लाभ** भी जोड़ा गया है और सप्ताहों की संख्या भी बढ़ाई गई है। साथ ही, राज्यों को अनुमति दी गई है कि वे कोविड-19 से संबंधित नए बेरोजगारी लाभ दे सकते हैं, जैसे किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जो संक्रमण के खतरे की वजह से या परिवार के किसी सदस्य की देखभाल करने के लिए नौकरी छोड़ता है, किसी ऐसी स्थिति के लिए जिसमें नियोक्ता कोविड-19 की वजह से अस्थायी तौर पर कामकाज बंद कर देता है जिससे कर्मचारी काम पर नहीं जा पा रहे हों, या फिर किसी क्वारंटाइन किए हुए व्यक्ति के लिए जो क्वारंटाइन की अवधि पूरी होने पर काम पर लौटने वाला हो।

- **आर्थिक प्रभाव भुगतान (प्रोत्साहन भुगतान):** https://www.irs.gov/coronavirus/get-my-payment पता करें कि क्या आप **$1,400** तक के नए आर्थिक प्रभाव भुगतान के लिए पात्र हैं और अपने भुगतान का दावा कैसे करें। अगर आपको पिछले प्रोत्साहन भुगतान नहीं मिले हैं (पहले और दूसरे राउंड के भुगतान 2020 और जनवरी 2021 में जारी किए गए थे), तो इस साइट पर यह भी जानकारी है कि आप उनके लिए अपनी पात्रता कैसे जाँच सकते हैं और कैसे आवेदन कर सकते हैं।

- **मुफ़्त टैक्स रिटर्न तैयार करना और बच्चों के लिए नए टैक्स क्रेडिट:** https://www.irs.gov/individuals/free-tax-return-preparation-for-qualifying-taxpayers – अपने टैक्स की फ़ाइलिंग के लिए मुफ़्त मदद पाएँ जो प्रशिक्षित स्वयंसेवक देते हैं या फिर मुफ़्त ऑनलाइन ई-फ़ाइलिंग करें। अगर आप आम तौर पर टैक्स रिटर्न फ़ाइल नहीं करते / करती हैं और आपके बच्चे हैं, तो इस साल फ़ाइल करने के बारे में सोचें जिससे आप बच्चों के लिए नए टैक्स क्रेडिट के लिए पात्र हो सकें। एक नए संघीय कानून के मुताबिक बच्चों के लिए टैक्स क्रेडिट अब 6 साल से ज़्यादा उम्र के हर बच्चे के लिए $3,000 तक और 6 साल से कम उम्र के हर बच्चे के लिए $3,600 तक बढ़ा दिए गए हैं। **मासिक भुगतान इसी गर्मियों के मौसम से शुरू हो सकते हैं, लेकिन भुगतान पाने के लिए परिवार को टैक्स रिटर्न फ़ाइल करना ज़रूरी है। वर्ष 2020 के लिए 17 मई 2021 फ़ाइल करने की आखिरी तारीख है**।

- **आपदा संकट हेल्पलाइन:** 1 (800) 985-5990 (कॉल या टेक्स्ट करें) – यह एक राष्ट्रीय हॉटलाइन है जो ऐसे लोगों के लिए त्वरित संकटकालीन सलाह देती है जो कोविड-19 जैसी किसी भी आपदा, के कारण भावनात्मक संकट का अनुभव कर रहे हैं।

- **सामुदायिक कार्रवाई एजेंसी :** https://communityactionpartnership.com/find-a-cap/ – अपनी स्थानीय सामुदायिक कार्रवाई एजेंसी से संपर्क करके पता करें कि वे क्या सेवाएँ दे सकते हैं, जैसे कि किराए या ज़रूरी सुविधाओं के बिलों के भुगतान के लिए आपातकालीन आर्थिक मदद।

- बिल जमा करने के लिए मदद **:** www.usa.gov/help-with-bills ऐसे सरकारी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी पाएँ जो फ़ोन सेवा, ऊर्जा के बिल और अन्य खर्चों में आपकी मदद कर सकते हैं।

- **लाभों के लिए पात्रता :** www.benefits.gov – आप जिनके लिए पात्र हो सकते हैं ऐसे सरकारी लाभों की जानकारी पाएँ, जैसे ज़रूरतमंद परिवारों के लिए अस्थायी मदद (TANF), खान-पान संबंधी सहायता और स्वास्थ्य सेवाएँ।

- **कोविड-19 वैक्सीन की जानकारी :** https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/vaccines/ – कोविड-19 वैक्सीन की जानकारी पाएँ, जानें कि यह कितना प्रभावी है, कितना सुरक्षित है और आप इसे किस तरह पा सकते हैं।

- **शैक्षणिक संसाधन :** https://bealearninghero.org/parentstrong-2/ – शैक्षणिक संसाधनों के साथ ही ऐसे माता-पिताओं के लिए मदद पाएँ जो अपने बच्चों को घर पर पढ़ा रहे हैं या फिर जिन्हें अपने बच्चों के लिए अतिरिक्त शैक्षणिक संसाधनों की ज़रूरत है।